भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. †248
04 फरवरी, 2020 को उत्तर देने के लिए

कोल्ड चेन ग्रिड

†248. श्रीमती शारदा अनिल पटेल:
श्री मितेष (आनंद) पटेल (बकाभाई):

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना के अंतर्गत देश के प्रत्येक भाग को 42 मेगा फूड पार्कों और 234 शीतागार श्रृंखला परियोजनाओं के माध्यम से जोड़ने के लिए एक शीतागार श्रृंखला ग्रिड स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(**ख**) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): जी हां, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) शीघ्र सड़ने-गलने वाले पदार्थों के उत्पादन स्थल से उपभोग क्षेत्रों तक निर्बाध स्थानांतरण हेतु प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) के माध्यम से देश भर में कोल्ड चेन अवसंरचना के निर्माण पर ध्यान केंद्रित कर रहा है जिसमें घटक स्कीमें अर्थात (i) एकीकृत कोल्ड चेन और मूल्यवर्धन अवसंरचना, (ii) मेगा फूड पार्क, (iii) बैकवर्ड एवं फारवर्ड लिंकेज सृजन, (iv) खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार, (v) कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर और (vi) ऑपरेशन ग्रीन्स शामिल हैं । इन स्कीमों का लक्ष्य देश भर में शीतागारों/प्राथमिक प्रसंस्करण/और परिवहन सुविधाओं के सृजन को प्रोत्साहन देकर बागवानी तथा गैर-बागवानी उपजों की फसलोत्तर हानियों को नियंत्रित करना है । मूल्य श्रृंखला में अंतरों को दूर करने तथा कोल्ड चेन ग्रिड की स्थापना करने के लिए मंत्रालय ने देश भर में 39 मेगा फूड पार्कों और 298 एकीकृत कोल्ड चेन परियोजनाओं को भी स्वीकृत किया है ।

(ख): पीएमकेएसवाई के अंतर्गत आज तक अनुमोदित की गई कोल्ड चेन और मेगा फूड पार्क परियोजनाओं को दर्शाने वाली राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार सूची **संलग्नक** में दी गई है ।

*****

संलग्नक

"कोल्ड चेन ग्रिड" के बारे में दिनांक 04.02.2020 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 248 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित विवरण ।

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य	कोल्ड चेन परियोजना	मेगा फूड पार्क परियोजना	कुल परियोजना
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह	1	-	1
2	आंध्र प्रदेश	15	3	18
3	अरुणाचल प्रदेश	1	1	2
4	असम	2	1	3
5	बिहार	5	1	6
6	छत्तीसगढ़	3	1	4
7	गुजरात	19	2	21
8	हरियाणा	12	2	14
9	हिमाचल प्रदेश	16	1	17
10	जम्मू एवं कश्मीर	7	1	8
11	कर्नाटक	14	2	16
12	केरल	5	2	7
13	मध्य प्रदेश	8	2	10
14	महाराष्ट्र	64	3	67
15	मणिपुर	1	1	2
16	मिजोरम	2	1	3
17	नगालैंड	1	1	2
18	ओडिशा	5	2	7
19	पंजाब	20	3	23
20	राजस्थान	11	1	12
21	तमिलनाडु	18	-	18
22	तेलंगाना	11	2	13
23	त्रिपुरा	-	1	1
24	उत्तर प्रदेश	21	2	23
25	उत्तराखंड	24	2	26
26	पश्चिम बंगाल	12	1	13
	कुल	298	39	337